लखनऊ में चली प्रदेश की पहली एसी डबलडेकर ई-बस

महाराष्ट्र से आई है दो मंजिला बस

65 सीटर

- ऊपर 36 और नीचे के तल पर 30 यात्री बैठ सकेंगे।
- बस में आठ पैनिक बटन हैं। चार कैमरे अंदर और एक पीछे है।

लखनऊ। प्रदेश की पहली एसी डबलडेकर इलेक्ट्रिक सिटी बस शनिवार को शहर की सड़कों पर निकली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बस को हरी झंडी दिखाकर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से रवाना किया। बस यहां से अंबेडकर पार्क होते हुए 1090 चौराहे, जनेश्वर मिश्र पार्क के रास्ते इंदिरागांधी प्रतिष्ठान लौटी। सीएम ने भी स्कूली बच्चों के साथ बस में सफर किया। ब्यूरो

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में इस बस की शुरुआत महत्वपूर्ण कदम है। आने वाले समय में प्रदेश के दूसरे प्रमुख शहरों में भी डबलडेकर इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू की जाएगी।
-सीएम, योगी आदित्यनाथ

महिलाओं को एमएसटी में 50 फीसदी की छूट : एमएसटी पर 50% की छूट मिलेगी। हर शनिवार को बस से महिलाएं मुफ्त में हेरिटेज टूर कर सकेंगी।

आज से करें सफर : माई सिटी 1